हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 35 .1 डिग्री
न्यूनतम 23 .8 डिग्री

12 टांगरी नदी के बहाव से लोग खौफजदा, पांच दिन भी...



12 मुख्यमंत्री के भतीजे अनुष सैनी बने सेना में लेफ्टिनेंट



## खबर संक्षेप



करनाल। कच्चे सफाई कर्मचारी आदोलन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### कच्चे सफाई कर्मियों का धरना 55वें दिन जारी

**करनाल।** एचएसवीपी कर्मचारी यूनियन के बैनर तले कच्चे सफाई कर्मचारियों का आंदोलन सोमवार को 55वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान गुरविंदर सिंह ने की और संचालन सचिव सुल्तान ने किया। सर्कल प्रधान सेवा राम ने कहा कि इन कर्मचारियों को दो महीने से काम से अलग कर दिया गया है। नपा कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित प्रधान राजकुमार अपने दल के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों को समर्थन दिया।

### लव मैरिज को लेकर युवक ने जहर निगला

**करनाल।** श्यामनगर इलाके में युवक ने जहरीला पदार्थ निगल कर जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों के मुताबिक कर्ण (25) की मुलाकात कुरुक्षेत्र की लड़की से जागरण के दौरान हुई थी। दोनों ने लव मैरिज कर ली। लड़की सवा महीने तक पास रही। पीड़ित पिता ने बताया कि लडक्की वाले पैसे की डिमांड कर रहे थे। धमकी दी कि पैसे नहीं दिए तो शिकायत करेंगे। परेशान होकर कर्ण ने 6 सितंबर की रात जहर खा लिया , आज इलाज के दौरान मौत हो गई।

### अंबाला में चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी गणेश व सोमनाथ को गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-2 के निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि मक्खन सिंह ने 25 अगस्त 2025 को शिकायत में बताया था कि अंबाला छावनी पुल के नीचे सर्विस रोड पर आरोपी ने नशीला पदार्थ सुंघाकर सूटकेस, कनाडियन डॉलर, मोबाइल फोन व नकदी राशि चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# जाहरवीर गोगा माड़ी में घटती जा रही श्रद्धालुओं की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

■ तीसरे दिन 400 से 500 श्रद्धालु मेले में दर्शन करने के लिए पहुंचे

प्रसिद्ध व ऐतिहासिक आठ दिवसीय जाहरवीर गोगा माड़ी मेला सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। मेले के तीसरे दिन 400 से 500 श्रद्धालु मेले में दर्शन करने के लिए पहुंचे। मेले के तीसरे दिन दुकानदार श्रद्धालुओं की बाट देखते नजर आए। आने वाले दिनों में भारी संख्या में श्रद्धालु मेले में पहुंचने की उम्मीद लगाई जा रही है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मेले में सभी प्रकार की सुविधाएं जुटाई गई हैं ताकि श्रद्धालुओं को मेले में कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े।

## लोगों को कम हो गया रूझान, ग्राहकों की बाट जोह रहे दुकानदार

### 11 व 12 सितंबर को दंगल का आयोजन होगा

नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता शालु ने बताया कि मेले में साफ-सफाई का विशेष प्रबंध किया गया है। सफाई कर्मचारी मेले में तैनात किए गए हैं ताकि मेले में गंदगी न फैले। वहीं मेले में नगरपालिका की ओर से शौचालयों की हर रोज सफाई की जा रही है। शौचालयों में पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था है। जिससे मेले में आए दुकानदार व श्रद्धालु खुले में शौच न करें। झूले भी शुरू करवा दिए गए हैं। श्रद्धालु मेले में झूलों का आनंद ले सकते हैं। नगरपालिका की ओर से 11 व 12 सितंबर को दंगल का आयोजन होगा। जिसमें पहलवान अपने दाव पेंच का प्रदर्शन करेंगे।



## रादौर के दंगल में कभी हजारों की भीड़ दंगल देखने आती थी

पुजारी अनिल कश्यप, बाबू कश्यप व सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि पहले रादौर मेले में काफी भीड़ हुआ करती थी। लेकिन अब लोग मेले में आने कम हो गए हैं। अधिकतर लोग घर पर रहना पसंद करते हैं और भीड़-भाड़ से दूर रहना पसंद करते हैं। वहीं बहुत से युवा तो रात तक इंटरनेट पर व्यस्त रहते हैं। जो मेले में आना पसंद नहीं करते। इसी प्रकार रादौर के दंगल में कभी हजारों की भीड़ दंगल देखने आया करती थी। दंगल से भी लोगों का मन ऊब गया है। मेले में अब दंगल देखने वाले इतनी तादाद में नहीं आते।

## जलभराव पीड़ितों की हर संभव मदद को तैयार प्रशासन

# धर्मशाला और सामुदायिक केंद्रों में 5 राहत शिविर शुरू

200 गांवों में 3591 किसानों की लगभग 23 हजार 574 एकड़ कृषि भूमि में जल भराव की रिपोर्ट हुई प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला भर में हुई भारी बरसात एवं जलभराव के कारण 200 गांवों में 3591 किसानों की लगभग 23 हजार 574 एकड़ कृषि भूमि में जल भराव की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जिस भी किसान की जल भराव से फसल खराब हुई है, वह किसान क्षति पूर्ति पोर्टल पर अपनी फसल खराबे की रिपोर्ट दर्ज करवाएं। पोर्टल 15 सितंबर तक खोला गया है। सरकार की ओर से फसल खराबे व अन्य नुकसान का राहत मुआवजा दिया जाएगा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इस जिले में तटबंधों को मजबूत करने के लिए सिंचाई विभाग, एसडीआरएफ, डीडीपीओ व नप की टीमों द्वारा लगातार कार्य जारी है। पूरा प्रशासन और सभी विभाग जलभराव की समस्या के निदान के लिए सजगता के साथ जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि शाहाबाद व पिहोवा क्षेत्र में मारकंडा में ज्यादा पानी आने से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई है। इन क्षेत्रों में प्रशासन ने जलभराव से प्रभावित नागरिकों के लिए राहत शिविर शुरू किए हुए हैं। जिले में जरूरत के अनुसार राहत शिविर बनाए गए हैं।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि नगर परिषद की टीमें जलभराव पीड़ितों की निरंतर मदद कर रही हैं। बीमारियों की रोकथाम के लिए मेडिकल टीमें अपना कार्य कर रही हैं। किसी भी नागरिक को घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार और प्रशासन मदद को निरंतर तत्पर है। उन्होंने कहा कि जिला के किसी भी नागरिक को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

प्रशासन द्वारा 5 धर्मशाला व सामुदायिक केंद्रों में राहत शिविरों की व्यवस्था कर दी गई है। जो भी पीड़ति परिवार है, वह राहत शिविर से मदद ले सकता है।

### घबराएं नहीं, मदद के लिए हेल्प नंबर जारी



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आह्वान किया कि जिलावासी पैनिक न हो सरकार और प्रशासन आपके साथ है। जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया हुआ है। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कंट्रोल रूम के जिला प्रशासन के हेल्पलाइन नंबर 01744-221035 पर सूचित करें और अफवाहों पर ध्यान न देकर केवल प्रशासन की आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें।

### स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ अन्य सुविधाएं प्रदान कर रहे विभाग

उपायुक्त ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में जलभराव क्षेत्रों में जहां नागरिकों को सुरक्षित स्थानों यानी राहत शिविरों में पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं जलभराव के स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा एंटी लारवा दवा का छिड़काव किया जा रहा है, साथ ही नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। क्षेत्रों में मेडिकल की टीमों द्वारा डोर टू डोर विजिट की जा रही है। इसके अलावा नागरिकों की स्वास्थ्य जांच के साथ ही जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। जलभराव के चलते पेयजल संबंधी समस्या उत्पन्न ना हो, इसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से टैंकरों के जरिए पेयजल आपूर्ति दी जा रही है। प्रशासन की ओर से हर संभव मदद की जा रही है।

मदद को बढ़े हाथ

### प्रभावित लोगों के लिए फ्री लंगर सेवा शुरू



लंगर में खाना खाते लोग।

**बराड़ा।** क्षेत्र में बाढ़ के पानी से प्रभावित जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए एक नवाचारी सामाजिक पहल का आरंभ किया गया है। इस नवाचार में इलाके के जरूरतमंद लोगों को खाने और मेडिकल की निशुल्क सुविधा का प्रबंध किया गया है। यह सामाजिक पहल नगरपालिका के मनोनीत सदस्य बलजिंद्र सिंह जग्गी ने पूर्व विधायक संतोष सारवान के सहयोग से शहर में शुरू की है। इसमें जहां इलाके के जरूरतमंद लोग लंगर सेवा का लाभ उठा रहे है तो वहीं विशाल मेडिकल बराड़ा रजौली रोड़ पर ऐसे ही जरूरतमंद लोगों के लिए फ्री मेडिकल चेकअप व निशुल्क दवाइयों की सुविधा प्रदान की गया है। बलजिंद्र सिंह जग्गी ने बताया कि यह दोनों सेवाएं शुरू होकर लगातार आगामी 10 दिन तक जारी रहेगी। उन्होंने इलाके के जरूरतमंद लोगों से इस सेवा का लाभ उठाने की अपील की हैं ।

# कार डिवाइडर पार कर दूसरी कार से टकराई, युवक की मौत चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराने के बाद सड़क के दूसरी तरफ पहुंचकर किसी दूसरी कार से टकरा गई, जिससे एक युवक की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जीटी रोड़ पर पिपली के समीप शाहबाद की ओर जाते हुए एक किया कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए दूसरी तरफ पहुंच गई और दूसरी तरफ अंबाला से दिल्ली की तरफ जा रही इरटिजा कार से जा टकराई। हादसे में कार में सवार 27 वर्षीय युवक सिमरन सिंह निवासी चंडीगढ़ की मौत हो गई और मृतक सिमरन सिंह की मां सहित चार अन्य घायल हो गए। पुलिस को दी शिकायत में हरमनजीत सिहं निवासी अम्बाला ने बताया कि वह टैक्सी का काम करता है। उसके पास इरटिजा है। रविवार कार में रिश्तेदार गुरमीत सिंह व चरणजीत कौर निवासीयान गांव तसडौली थाना पजाँखरा साहिब अम्बाला को तसडौली से दिल्ली एयरपोर्ट पर छोड़ने जा रहा था।

### पिपली से शाहबाद जाने वाले हाईवे पर हादसा



■ शाहबाद की ओर जाते हुए कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर अंबाला से दिल्ली की तरफ जा रही इरटिजा से जा टकराई

शाम को जब पिपली चिड़ियाघर से थोड़ा पीछे पहुंचा तो पिपली से शाहबाद जाने वाले हाईवे से सफेद रंग की कार मार्का किया पेडों से टकराती हुई मेरी तरफ वाले हाईवे पर आई और मेरी गाड़ी से टकराई। मैने ब्रेक लिए तो मेरी गाड़ी काफी दूर तक स्लीप होते हुए गई। मैने मुश्किल से गाड़ी को बैलेंस कर साईड में लगाया। मेरी गाड़ी में बैठे गुरमीत सिंह व चरणजीत कौर को चोटे आईं जो मैने उनको संभाला और फिर में किया गाड़ी के पास पहुंचा जो उस गाड़ी में लड़का व महिला फंसी थी। राहगीरों ने एंबुलेंस को बुलाया। उस लड़के को सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र में व महिला को निजी अस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवा दिया। गुरमीत सिंह व चरणजीत कौर को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। हादसे में मुझे दाई बाजु व बाए हाथ पर चोटे लगी है। अस्पताल में मुझे उस लड़के के रिश्तेदार मिले जिन्होंने बताया कि किया कार में सिमरन सिंह व उसकी माता परमिन्द्र कौर निवासी चंडीगढ़ थी। सिमरन सिंह की एक्सीडेन्ट में लगी चोटों में मृत्यु हो गई है।

पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया

## खाद प्लांट लगवाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला दिल्ली से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर समेत अन्य जिलों में किसानों को केंचुआ खाद प्लांट लगवाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस टीम ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। 18 मई को गांव मारवा खुर्द निवासी सियाराम ने हुड्डा सेक्टर-17 पुलिस थाने में शिकायत दी थी कि आरोपी जोगिंदर राज ने अपने बेटे गौरव व गोविंद के साथ मिलकर हुड्डा में ऑफिस बनाया

### दो आरोपी पहले ही हो चुके है गिरफ्तार

हुआ था। जहां पर आरोपियों के साथ राकेश शर्मा, नितिन शर्मा, गौरव, सुमन, प्रदीप, आरती तथा संतोष आदि भी काम करते थे। आरोपी किसानों को केंचुआ खाद प्लांट लगाने के नाम पर ठगते थे। आरोपियों ने उससे केंचुआ खाद बनाने का प्लांट लगवाने के नाम पर लाखों रुपये ठग लिए थे। जांच के दौरान पता चला था कि आरोपियों ने इसी प्रकार अन्य किसानों को झांसे में देकर 43 करोड़ रुपये ठगे हैं। केस दर्ज होने के बाद इसकी जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंप दी गई।

### परिवार समेत दुबई भाग गया था आरोपी

शाखा इंचार्ज केवल सिंह ने बताया कि एग्रो नेचर फार्मिंग फर्म द्वारा 43 करोड़ की ठगी के मामले में जांच करते हुए शुरुआत में ही राकेश शर्मा व अंबाला के रहने वाले एक अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जांच करने पर पता चला कि इस पूरे खेल में मास्टर माइंड प्रदीप संधू है और इसमें जोगिंदर राज भी मुख्य आरोपी है। इनकी गिरफ्तारी को लेकर जब किसानों ने मई में लघु सचिवालय के बाहर हंगामा कर प्रदर्शन किया तो गिरफ्तारी की डर से करनाल के रहने वाले जोगिंदर राज अपने बेटे गौरव व परिवार के अन्यों के साथ दुबई भाग गया था और वहीं रहने लगा था। इंस्पेक्टर केवल सिंह ने बताया कि चार दिन पहले इनपुट मिला कि गौरव दुबई से लौट आया और दिल्ली में छिपा हुआ है। इसके बाद वह टीम के साथ दिल्ली पहुंच और गौरव को दबोच लिया। गौरव को कोर्ट में पेश कर दो दिन की रिमांड पर लिया है।

दवाई लेकर घर लौट रही थी

### महिला की कार की टक्कर लगने से मौत

■ गांव पांजुपुर में मेडिकल कॉलेज के सामने हुआ हादसा

**यमुनानगर।** गांव पांजुपुर मेडिकल कॉलेज के सामने दवाई लेकर घर लौट रही महिला की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव सुखपुरा निवासी रण सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात सितंबर को उसकी भाभी 54 वर्षीय कमला गांव शादीपुर दवाई लेने गई थी। दवाई लेकर भाभी गांव पांजुपुर में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के सामने से पैदल गांव की ओर आ रही थी। तभी एक कार चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से कार चलाते हुए भाभी को टक्कर मार दी। जिससे उसकी भाभी सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गई। आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने उसे हादसे की सूचना दी। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचे और भाभी को अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के बाद उसकी भाभी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने सोमवार सुबह पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# बुजुर्ग महिला के कान से झपटी सोने की बाली

**यमुनानगर।** थाना क्षेत्र छछरौली के दयालपुरी मंदिर के पास बाइक सवार दो युवकों ने बुजुर्ग महिला के कान से सोने की बाली झपट ली। घटना के समय महिला बाजार से सामान लेकर घर लौट रही थी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पुलिस को दी शिकायत में छछरौली के दयालपुरी मंदिर के समीप रहने वाली 65 वर्षीय भूपेंद्र ने बताया कि वह रविवार शाम बाजार में सामान लेने गई थी। सामान लेने के बाद घर लौट रही थी।

### बाइक सवार दो युवकों ने दिया घटना को अंजाम

दयालपुरी मंदिर के पास बाइक सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया। इनमें बाइक पर पीछे बैठे युवक ने झपटा मार उनके कान से सोने की बाली निकाल ली। आरोपी युवक फरार हो गए। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात युवकों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग ने ली प्राइवेट प्ले स्कूलों के रजिस्ट्रेशन को लेकर अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी व मांगे राम ने सोमवार को जिला सचिवालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर प्राइवेट प्ले स्कूलों के रजिस्ट्रेशन से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष उमेश कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी और जिला बाल संरक्षण कार्यालय का पूरा स्टाफ शामिल रहा। मीना कुमारी ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की हिदायतों के अनुसार प्रत्येक प्राइवेट प्ले-वे स्कूल का पंजीकरण अनिवार्य है।

### पंजीकरण के बिना मान्यता नहीं दी जाएगी



पंजीकरण के बिना किसी भी स्कूल को मान्यता नहीं दी जाएगी और ऐसे स्कूलों को अवैध घोषित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने डब्ल्यूसीडीपीओ और बीईओ को आदेश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सभी प्ले-वे स्कूलों का पंजीकरण सुनिश्चित करवाएं और यदि कोई स्कूल इंकार करता है तो उसका पत्राचार तुरंत विभाग से किया जाए। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि 3 से 6 वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल-खेल में पढ़ाई, गतिविधियाँ और पोषण कार्यक्रम बेहद आवश्यक हैं।

## अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस...



### करनाल के सेक्टर-13 स्कूल में निकली जागरूकता रैली

**करनाल।** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-13 करनाल ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम (उल्लास) के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। प्रभारी सपना पुरी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। सपना पुरी ने कहा कि अनपढ़ता को मिटाना सभी का कर्तव्य है और ऐसी रैलियाँ समाज को शिक्षा की ओर प्रेरित करती हैं। जिला उल्लास समन्वयक अनिल सैनी ने बताया कि इस वर्ष का थीम 'डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना' है, जो यह संदेश देता है कि अब साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं बल्कि डिजिटल संसाधनों के उपयोग की क्षमता भी है। नवजोत कौर ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई और सुभाष चंद्र ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। विद्यालय की शिक्षिकाएं प्रोमिला, भारती, अंजू रानी, रेखा सैनी, अंजू डागर, अनामिका, सुमन रानी, मोनिका, कमलेश, कर्ण सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## डीएवी स्कूल में स्वदेश सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के तहत कार्यक्रम

# हमें वेदों के अनुसार करना चाहिए जीवन यापन

■ कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में आर्य समाज भवन के संरक्षक मान सिंह आर्य ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

डीएवी स्कूल रादौर में स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान एवं स्वावलंबन अभियान 2025-26 के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में आर्य समाज भवन के संरक्षक मान सिंह आर्य ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता एवं आर्य समाज भवन के संरक्षक मान सिंह आर्य ने कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ सदस्यों समेत अन्य गणमान्य के साथ विभिन्न विषयों सामाजिक समरसता, पर्यावरण सुरक्षा, राष्ट्र और देश में अंतर, भाषा, जातिप्रथा, प्रांतीय आधार पर आधारित भेदभाव आदि अनेक ज्वलंत मुद्दों पर विचार सांझा किए। उन्होंने कहा कि हमें वेदों के अनुसार ही जीवन यापन करना चाहिए। जो भी कार्य वेद विपरीत हों वह करने योग्य नहीं हैं। उन्होंने स्वदेशी सामान के प्रयोग तथा विदेशी सामान के बहिष्कार के लिए शिक्षक वर्ग को प्रेरित किया। मुख्य वक्ता मान सिंह आर्य ने शिक्षक की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि समाज सुधार करने में प्रमुख भूमिका शिक्षक की ही है।



**यमुनानगर।** डीएवी स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में विचार रखते हुए मुख्य वक्ता मान सिंह आर्य।

### हिंदू समाज की कुरीतियों का जम कर विरोध किया

मान सिंह आर्य ने हिंदू समाज की कुरीतियों का जम कर विरोध किया तथा सभी वर्णों के महत्व पर बल दिया। आर्य ने बताया कि स्वदेशी सामान के प्रयोग से अपने देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य रमन कुमार शर्मा ने मुख्य वक्ता मान सिंह आर्य का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा समाज का दर्पण है। शिक्षक का कर्तव्य है कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर करें तथा आने वाली नई पीढ़ी को पारिवारिक, सामाजिक तथा नैतिक मूल्यों का महत्व समझाते हुए देश के जिम्मेदार नागरिक बनाने में भूमिका निभाएं।

# अब ट्विन सिटी में चल रहे विकास कार्यों के निर्माण को मिलेगी गति

## नगर निगम के नवनियुक्त आयुक्त महाबीर प्रसाद ने दी जानकारी, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के नवनियुक्त निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद (आईएएस) ने कहा कि उनकी प्राथमिकता ट्विन सिटी में चल रहे विकास कार्यों को तीव्रता देना, सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाना व शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाना है। उन्होंने उक्त शब्द सोमवार को नगर निगम कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण करते हुए उक्त जानकारी दी।

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि निगम कार्यालय में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या का समय पर समाधान कराना व सभी कार्य नियमानुसार सुचारू रूप से कराने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी शहरवासी को अपने काम के लिए बार बार भटकना न पड़े। न ही उन्हें कार्यालय के चक्कर लगाने पड़े। इसलिए कर्मचारी उनका कार्य समयबद्ध तरीके से करें। उन्होंने निगम कर्मियों से भी बातचीत की और उनके कार्य के बारे में जानकारी ली।

### खुले में कचरा डालकर खराब न करें अपना शहर

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने शहरवासियों से खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नालों और नालियों में भी अपने घरों का कचरा कभी न डालें। ताकि शहर की शुंदरता बनी रही। शहर को साफ, सुंदर और स्वच्छ बनाने में सभी शहरवासी अपना सहयोग करें। सभी के सहयोग से ही हमारा शहर साफ, स्वच्छ और सुंदर बनेगा।

### अधिकारी-कर्मचारी समय से आए दफ्तर, ईमानदारी से काम करें



अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय पर कार्यालय आएं और निष्पक्ष व ईमानदारी से कार्य करें। अपना काम निर्धारित समय पर सुचारू ढंग से करें। कार्यालय में आने वाली हर शिकायत का गंभीरता से समय पर समाधान करें। पेंडिग शिकायतों व कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें। यदि कोई कर्मचारी या अधिकारी किसी कार्य से क्षेत्र में जाए तो मूवमेंट रजिस्टर में अपनी मूवमेंट भरकर जाए। अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर लंबित शिकायतों का भी त्वरित समाधान हों। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने शहरवासियों से घर, दुकान, ऑफिस से निकलने वाले सूखे व गीले कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखने और उस कचरे को डोर टू डोर आने वाले निगम के वाहन में डाले जाने की अपील की।

---

**खबर संक्षेप**



### स्वास्थ्य शिविर में जांचा 146 लोगों का स्वास्थ्य

**रादौर।** रादौर के कृष्णा अस्पताल के तत्वावधान में गांव मंधार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व गाँव के सरपंच प्रतिनिधि प्रवेश कांबोज ने किया। शिविर में कृष्णा अस्पताल की डॉ.संध्या पंचाल ने कुल 146 मरीजों की जांच की और निःशुल्क दवाइयां दी। शिविर में गर्भवती महिलाओं को आयरन व फोलिक एसिड की दवाइयाँ दी गई। डॉप्लर मशीन से गर्भ में पल रहे शिशु की धड़कन की जांच की गई। डॉ.संध्या ने गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के समय बरतने वाली सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी। वहीं वृद्ध महिलाओं की बीपी, शुगर व अन्य बीमारियों की जांच कर उन्हें मल्टीविटामिन दवाइयां दी गई। छोटे बच्चों और अन्य मरीजों की भी विभिन्न बीमारियों की जांच कर परामर्श और दवाइयां दी। कृष्णा हॉस्पिटल परिवार ने सभी ग्रामवासी पंचों व उपस्थित महानुभावों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता और बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराना ही ऐसे शिविरों का मुख्य उद्देश्य है।

---

### स्वैट कमांडो के साथ शहर व सदर पुलिस ने चलाया अभियान

# कांबिग ऑपरेशन से अपराध अपराधियों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए शहर के सदर थाना पुलिस व स्वैट कमांडो की संयुक्त टीम ने सोमवार को यमुनानगर थाना सदर के विभिन्न क्षेत्रों में कंबिंग ऑप्रेशन चलाया गया। इस दौरान स्वैट कमांडो व पुलिस की टीम ने विभिन्न स्थानों पर चप्पे चप्पे पर जांच कर असमाजिक तत्वों की तलाश की।

एसएचओ सदर अजैब सिंह ने बताया कि सोमवार को थाना सदर यमुनानगर में विभिन्न क्षेत्रों में एक व्यापक कांबिंग ऑपरेशन चलाया गया। जिसमें शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी गई। उन्होंने बताया कि पुलिस का प्रयास है कि शरारती तत्व, असामाजिक तत्वों और अपराधियों पर शिकंजा कसा जाए। लोगों से भी अपील है कि अगर उन्हें लगता है कि उनके यहां पर कुछ गलत हो रहा है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस उस पर तुरंत एक्शन लेगी।

#### अपराधियों व असमाजिक तत्वों पर लगेगी नकेल

इससे असमाजिक तत्वों और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने हेतु यह कांबिंग ऑपरेशन चलाया गया है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना और आम जनता में सुरक्षा की भावना को और सुदृढ़ करना था। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीमें काम कर रही है।

उन्होंने बताया कि ऐसे कांबिंग ऑपरेशन आगे भी लगातार जारी रहेंगे । ताकि जिले में कानून व्यवस्था बनी रहे। यह कांबिंग ऑपरेशन जनता में सुरक्षा की भावना को सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया है। पुलिस का प्रयास है कि जिला में कानून एवं व्यवस्था की मजबूत स्थिति को सुनिश्चित किया जाए। जिले में संभावित अपराधों पर पुलिस की विशेष नजर है।



**यमुनानगर।** सदर थाना के क्षेत्र में कांबिग ऑप्रेशन के तहत संदिग्धों की तलाश करते हुए स्वैट कमांडो की टीम के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि।*

#### मजबूत सुरक्षा व्यवस्था से स्थापित होगी शांति

जिला पुलिस कप्तान कमलदीप गोयल ने बताया कि यह ऑपरेशन एक शुरुआत है और भविष्य में ऐसे और अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा और आम जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस अभियान से आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है। प्रशासन का मानना है कि नियमित ऐसे ऑपरेशन चलाकर असमाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है।

### रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर से 30 हजार नकदी व मोबाइल चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी वर्कशॉप में रेलवे कॉलोनी स्थित क्वार्टर का ताला तोड़कर चोरों ने 30 हजार रुपये की नकदी व मोबाइल चोरी कर लिए गए। थाना फर्कपुर पुलिस ने मौके पर छानबीन कर अज्ञात पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पुलिस को दी शिकायत में सर्वेश मिश्रा ने बताया कि एक सितंबर की शाम को वह काम पर गया था। ड्यूटी के बाद जब वह क्वार्टर पर लौटा तो ताला टूटा पड़ा था और अंदर सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर अंदर से 30 हजार रुपये व मोबाइल गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उन्होंने जनता से अपील है कि जिला में यदि कोई असामाजिक घटना घटती है या कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें।

---

# किसानों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

- किसानों का हालचाल पूछने रादौर पहुंचे थे रणदीप सुरजेवाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

राज्यसभा सदस्य व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने नगली घाट पर पहुंचकर यमुनानदी का जलस्तर बढ़ने के कारण अपनी फसलें व भूमि गंवा चुके किसानों का हाल चाल जाना। इस दौरान ग्रामीणों ने पूर्व जिला परिषद सदस्य शिवकुमार संधाला के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर उनकी मांगे व समस्याएं राज्यसभा में उठाने की मांग की।

किसानों ने ज्ञापन में कहा कि किसानों की भूमि यमुना में कटाव के कारण चली गई है जिससे वे किसान बेरोजगार हो गए हैं। ऐसे में किसान बर्बादी की कगार पर खड़ा है। किसानों की भूमि यमुना में जाने से उनकी मेहनत व लागत से लगाई गई फसलें भी यमुना में समा गई हैं। जिस कारण उनको खाने पीने की समस्या पैदा हो गई है। सरकार उनको रोजगार उपलब्ध करवाए। वहीं सरकार उनकी भूमि का अधिग्रहण कर उनको वापस करे। हर वर्ष सिंचाई विभाग भूमि कटाव को रोकने के लिए इंतजाम तो करता है, परंतु यमुना कर जलस्तर बढ़ने से विभाग द्वारा किए गए इंतजाम पानी में बह जाते हैं। जिससे भूमि कटाव होने से किसानों को भारी नुकसान होता है। उन्होंने मांग की कि भारत सरकार यमुना नदी के दोनों किनारों को पक्का करने का काम करवाए। साथ ही भूमि अधिग्रहण नीति के तहत किसानों को मुआवजा दिया जाये। इसके अलावा नगली घाट के निर्माणाधीन पुल को कुरूक्षेत्र-यमुनानगर सड़क मार्ग से जोड़ा जाये। इतना नहीं गांव पौबारी को प्रदेश की सड़कों से जोड़ने का काम भी किया जाए जिससे विकास कार्य गांव पौबारी में भी करवाए जा सकें।

मौके पर जितेंद्र गुमथला, संजू धौलरा, विनोद संधाला, सरपंच एमटी करहेडा रणधीर सिंह, मनोज गुमथला, शीशपाल गुमथला, राजपाल गुमथला व नरेश कुमार आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** रादौर में राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला को ज्ञापन सौंपते शिवकुमार संधाला व अन्य ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि।*

# तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को

**यमुनानगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को आयोजित की जाएगी। जिसमें आपराधिक मामले, धारा-138 के तहत एनआई एक्ट के मामले, बैंक रिकवरी केस, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद मामले, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली और पानी से संबंधित मामले, गैर शमन योग्य मामलों को छोड़कर वेतन और भत्ते तथा पुन परीक्षण लाभ से संबंधित सेवा मामले और राजस्व व अन्य सहायक मामले जो कि सुलझाने योग्य हैं इस अदालत में लिए जाएंगे।

आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में राष्ट्रीय लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। इससे लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। इनमें न तो किसी पक्ष की हार होती है और न जीत, बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान होता है।

---



# कंपनी से लोहे की एंगल चोरी के 3 आरोपी काबू

- बाइक सवार 3 बदमाशों ने दिया था वारदात को अंजाम

**यमुनानगर।** लोहे के एंगल चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रादौर के थाना प्रबंधक निरीक्षक राजपाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के रफतेहपुर के गांव मदनपुर निवासी धनराज मौर्य ने शिकायत में बताया कि ऐपको इंफ्राटेक कंपनी में धौलरा में मैनेजर के तौर पर काम करता है। उनकी कंपनी रादौर कुरुक्षेत्र रोड पर सड़क निर्माण कार्य कर रही है। उन्होंने शिकायत में बताया था कि गत 6 सितंबर को सुबह उनके कैंप परिसर में मोटरसाइकिल सवार तीन युवक घुस गए और वहां से हजारों रुपये के लोहे के एंगल चोरी करके भाग खड़े हुए। सूचना मिलते ही एएसआई विजय कुमार के नेतृत्व में टीम ने जांच कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान अंकित, हैप्पी व पंकज के रुप में हुई। आरोपियों से चोरी का सामान व वारदात में प्रयोग की गई बाइक बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कर जांच शुरू कर दी।

# समाज की एकता और संगठनात्मक शक्ति का प्रतीक बनेगा राजपूत भवनः कुशवाह

- क्षत्रिय एकता महासभा की निर्माणाधीन राजपूत भवन में प्रधान सुरेंद्र कुशवाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

क्षत्रिय एकता महासभा के सदस्यों की बैठक यमुनानगर के निर्माणाधीन राजपूत भवन परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के प्रधान सुरेंद्र कुशवाह ने की। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में महासभा के वरिष्ठ सदस्य ठाकुर रामबीर सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

महासभा के प्रधान सुरेंद्र कुशवाह ने कहा कि यमुनानगर में बनाया जा रहा राजपूत भवन समाज की एकता और संगठनात्मक शक्ति का प्रतीक बनेगा। उन्होंने समाज लोगों को राजपूत भवन निर्माण के सहयोग में आगे आने के लिए अनुरोध किया। महासभा के प्रधान सुरेंद्र कुशवाह ने कहा कि राजपूत भवन का निर्माण कार्य पूरी प्रगति पर चल रहा है। इसके बनने से समाज समेत अन्य वर्गों के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने मौके पर महासभा के सदस्यों को सगंठन को मजबूत करने के लिए आहवान किया। इस दौरान बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए उन्होंने महासभा के सदस्यों को दिशा निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर डॉ. रविश चैहान ने बताया कि भवन के प्रथम तल का लैंटर आगामी नवरात्रों के दौरान डालने की योजना बनाई गई है। इस अवसर पर सर्व समाज के विशिष्ठ व्यक्तियों को आमंत्रित कर कार्यक्रम को विशेष बनाने का निर्णय लिया गया। भवन का निर्माण समाज के सहयोग से ही संभव है और इसके लिए सभी को आगे आकर योगदान करना चाहिए। बैठक में योगेन्द्र चैहान, मास्टर जंगशेर सिंह, डॉ. दलबीर सिंह, राजेश राणा, राजकुमार राणा, राज राणा, परविंदर राणा, सुमित राणा, मास्टर महेंद्र सिंह, रविंद्र राणा, राज सिंह पुंडीर व डॉ. कंवरपाल आदि ने समाज के लोगों से इस पुनीत कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए अपील की। मौके पर किरण पाल राणा, संजू राणा, सुरेश कानूनगो, सतपाल पुंडीर, सूर्य प्रताप, रघुनन्दन राणा, देवेन्द्र राणा व रमेश राणा आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** निर्माणाधीन राजपूत भवन परिसर में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए क्षत्रिय एकता महासभा के सदस्य।



# ब्रह्मज्ञानी ही बनता है प्रभु का सच्चा भक्तः मनस्विनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के द्वारा पुरानी अनाज मंडी पिहोवा में पांच दिवसीय श्री कृष्ण कथामृत का आयोजन किया गया। जिसके प्रथम दिवस में दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास साध्वी सुश्री मनस्विनी भारती ने कहा प्रभु की कथा जहा एक ओर ये हमें शाश्वत शांति के साथ जोड़ती है, वहीं दूसरी ओर हमें जागरूक भी करती है। जागृति भाव आत्मिक स्तर पर जागरूक होना। भगवान श्री कृष्ण का घट में तत्व रूप में दर्शन ही मानव में वास्तविक जागृति को लेकर आता है। साध्वी ने बताया कि प्रत्येक मानव स्वयं को दोराहे पर पाता है, जिसे शास्त्र व ग्रन्थों में श्रेय मार्ग सर्व कल्याणकारी मार्ग व प्रेय मार्ग अर्थात ऐन्द्रिय सुखों से भरपूर स्वार्थ व विनाश से भरपूर मार्ग कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण के भक्त पुरंदर दास स्वयं के व जग के परमार्थ भाव को लेकर प्रेय मार्ग को अपनाते हैं। प्रत्येक व्यक्ति के समक्ष दो मार्ग होते हैं। साधारण शब्दों में एक आत्मा का मार्ग है व दूसरा मन का। एक सुलझन की ओर ले जाता है और एक उलझन की ओर। इन्हीं के बीच फंसकर सही चयन न कर पाने की दशा ही तनाव, उदासी व क्षोभ का कारण है जिससे अनेक मनोवैज्ञानिक व्याधियाँ उत्पन्न होती हैं। यही आधुनिक समाज की समस्या है। साध्वी जी ने इस समस्या का समाधान देते हुए कहा कि भावों व प्रेम के लिए मानव को प्रभु भक्ति से जुड़ना भक्ति को एक पूर्ण सद्गुरु ही हमारे भीतर प्रकट कर सकता है।

---

### सीटीएम ने की समाधान शिविर की अध्यक्षता, 9 शिकायतें आई

# समाधान की जगह मिला आश्वासन का झुंझना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिला सचिवालय में सोमवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में नगराधीश के समक्ष नौ शिकायतें आई। जिनका उन्होंने जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में नौ शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिसमें सरोजनी कॉलोनी निवासी संजीव कुमार ने सिवरेज बंद होने बारे शिकायत दी। इसके साथ ही जगाधरी निवासी डिंपल ने मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ न मिलने बारे, खजूरी रादौर निवासी साहब सिंह ने पंचायत भूमि पर नाजायज कब्जा करने बारे, जगाधरी निवासी बिंदा देवी ने कानूनी कार्रवाई करने बारे, आत्मापुरी कॉलोनी निवासी राजा राम ने कचरा न उठाने की शिकायत अधिकारियों के सामने रखी।

इसके साथ ही यमुनानगर निवासी राजकुमार ने कच्ची छत को पक्का करने बार तथा जगाधरी वर्कशॉप निवासी रोहित भाटिया ने बिजली के बिल में जुर्माना लगाने बारे समस्या रखी। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर व्यासपुरए छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करनाए ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके।



**यमुनानगर।** सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में समस्याएं सुनते सीटीएम।

# पौधरोपण से पर्यावरण स्वच्छता संभव

- महाराणा प्रताप सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाचरौन में कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

महाराणा प्रताप वमावि नाचरौन में सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों व स्टाफ ने स्कूल प्रांगण व आसपास के क्षेत्र में सैंकड़ो फलदार व छायादार पौधे रोपित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक साहब सिंह राणा ने पौधरोपण कर किया।

स्कूल प्रबंधक साहब सिंह राणा ने बताया कि विद्यार्थियों को आह्वान किया कि वह पर्यावरण स्वच्छता के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करें। ताकि पर्यावरण को प्रदूषण से बचाया जा सके। मौके पर बच्चों ने नीम, पीपल, ईमली, बेहड़ा, अर्जुन, पापड़ी, सांगवान, जामुन, नींबू व वट आदि पौधे लगाए। मौके पर बच्चों ने पौधो की देखभाल करने का भी संकल्प लिया। स्कूल प्रबंधक साहब सिंह राणा ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। वट वृक्ष का पूजन हमें दर्शन की ओर ले जाता है। वटवृक्ष के नीचे पशु पक्षी आश्रय पाते हैं तभी तो मत्स्य पुराण में एक वृक्ष को 10 पुत्रों के बराबर मानकर उसकी सेवा की बात की गई है। ईमली व बेहड़ा, नीम तथा अन्य पौधो से होने वाले लाभ के बारे में बताया। राणा ने कहा पौधे शुद्ध हवा के साथ हमारी जरूरतों को भी पूरा करते हैं। लक्षित राणा, नंदू, अमनदीप, जानवी, जसप्रीत, वंश, साक्षी, माया, चंचल, अमित, प्रिंस, दिपांशु, निकिता, मतलूब व साहिलखान ने पौधरोपण किया।



**यमुनानगर।** महाराणा प्रताप स्कूल नाचरौन में पौधा रोपण करते बच्चे व अध्यापक।

## खबर संक्षेप



### राजकीय स्कूल धुराला में एनएसएस शिविर आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, धुराला में एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एनएसएस स्टेट अवार्डी एवं नेशनल सोशल आइकन अवार्डी मीनाक्षी कांत रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस केवल सेवा का माध्यम नहीं, बल्कि यह छात्रों को समाज से जोड़ने, उनकी जिम्मेदारी का बोध कराने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक सशक्त मंच है।

### भारतीय ज्ञान परंपरा पर संवाद कार्यक्रम आयोजित



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भारत रत्न श्री गुलजारी लाल नंदा नीतिशास्त्र दर्शनशास्त्र केंद्र एवं प्राच्य विद्या संकाय द्वारा आधुनिक युग में भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने मुख्य अतिथि के रूप में वर्तमान एवं प्राचीन जीवन शैली के ऊपर अपने विचार रखते हुए कहा कि भारतीय जीवनशैली परंपराओं और पीढ़ियों से चले आ रहे मूल्यों में गहराई से निहित है।

### शिव मंदिर सेक्टर 7 में लगाया रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** शिव शक्ति मंदिर सेक्टर 7 कुरुक्षेत्र के प्रांगण में दूसरा विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। मंदिर के महासचिव रमेश कुमार गोयल ने बताया कि शिविर के संयोजक डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा थे। डॉ अशोक कुमार वर्मा के छोटे भाई के अचानक स्वर्गवास होने के कारण वे व्यक्तिगत रूप से शिविर में नहीं पहुंचे लेकिन उनका प्रतिनिधित्व प्रशांत शर्मा ने किया। यह स्वैच्छिक रक्तदान शिविर दिवंगत विनोद कुमार वर्मा की स्मृति को समर्पित किया गया।

### जयभारत रामलीला में राम ने तोड़ा शिव धनुष

**कुरुक्षेत्र।** श्रीजयभारत रामलीला ड्रामाटिक क्लब की ओर से सीता स्वयंवर और लक्ष्मण-परशुराम संवाद के दृश्य दिखाए गए। मंच पर क्लब के डायरेक्टर सुनील भटनागर जेई सहित रामलीला के सदस्यों ने आरती में हिस्सा लिया। मंच पर पहले दृश्य में मिथला नरेश राजा जनक का दरबार दिखाया जाता है, जिसमें वे अपनी पुत्री सीता के विवाह के लिए चिंतित दिखाई देते हैं। सीता स्वयंवर में कई देशों के राजकुमार भाग लेते है और वे शिव धनुष को तनिक भी हिला नहीं पाते। अंत में राम ही इस शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाते हैं और इसी के साथ राजा जनक की सभा में क्रोधित हुए परशुराम का आगमन होता है

## कुरुक्षेत्र से 11 ट्रक खाद्य सामग्री के भेजे जाएंगे पंजाब

# कुरुक्षेत्र की संस्थाओं ने बढ़-चढ़कर किया पीड़ितों का सहयोग : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की संस्थाओं ने हमेशा आपदा के समय पीड़ति लोगों का बढ़चढ़ कर सहयोग किया है। इस समय पंजाब में बाढ़ के कारण किसानों और आम नागरिकों को काफी नुकसान पहुंचा है, ऐसे समय में पंजाब के नागरिकों का सहयोग करने के लिए शहर की समाजसेवी संस्थाएं सहयोग करने के लिए आगे आई है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सोमवार को लघु सचिवालय उपायुक्त कार्यालय में संस्थाओं के प्रतिनिधियों से चर्चा करने के उपरांत बातचीत की है। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने खाटू श्याम परिवार, श्री वैश्य अग्रवाल सभा, निरंकारी सभा, श्री स्थानेश्वर महादेव मंदिर, राधा स्वामी, माँ भद्रकाली मंदिर, बफार्नी सेवा मंडल, होटल एसोसिएशन, थानेसर मंडी एसोसिएशन, पिपली मंडी एसोसिएशन, फिनिक्स क्लब, रोटरी क्लब सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों से पंजाब में बाढ़ ग्रस्त इलाकों के प्रभावित लोगों को खाद्य सामग्री, दवाइयों सहित अन्य जरूरी सामान भेजने को लेकर चर्चा की है।



कुरुक्षेत्र। संस्थाओं के प्रतिनिधियों से चर्चा करते पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

### सीएम के नेतृत्व में भेजी जाएगी राहत सामग्री

इस चर्चा के दौरान इन संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने स्वेच्छा से प्रशासन के समक्ष बढ़चढ़ कर राहत सामग्री भेजने का आश्वासन दिया है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि शहर की समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से 11 ट्रक खाद्य सामग्री की पंजाब के बाढ़ ग्रस्त इलाकों में पंजाब के पास भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में यह राहत सामग्री पंजाब में भेजी जाएगी। इस राहत सामग्री के लिए आगे आने वाली संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र की समाजसेवी और धार्मिक संस्थाएं हमेशा आपदा के समय सरकार और प्रशासन के साथ खड़ी है। ऐसे समय में शहर की तमाम संस्थाओं को एक मंच पर आगे आने की जरूरत है ताकि प्रभावित लोगों को अधिक से अधिक राहत पहुंचाई जा सके। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राहत सामग्री भेजने के लिए प्रशासन की तरफ से हर संभव सहयोग किया जाएगा। इस कार्य के लिए प्रशासन हमेशा तत्पर है। ऐसी आपदा के समय हर व्यक्ति को एकजुट होकर प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर डीआरओ चेतना चौधरी, दयाल सिंह, शशी जैन, अंग्रेज सिंह, धीरज गुलाटी, विक्की बजाज, बनारसी दास, विनोद अरोड़ा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### नागरिकों की सेवा के लिए सामाजिक संस्थाओं का सहयोग जरूरी : आशीष



- डेरा नया उदासीन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए पशु चारे सहित भेजी राशन सामग्री

**पिहोवा।** डेरा उदासीन नया अखाड़ा की ओर से भारतीय उदासीन महासभा के अध्यक्ष महंत तरण दास के नेतृत्व में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए राहत सामग्री भेजी गई। राहत सामग्री करवाना करते हुए नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने कहा कि मानवता का धर्म यही है कि जरूरत के समय एक दूसरे की मदद के लिए खड़े रहें। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से पंजाब, हरियाणा व हिमाचल सहित कई प्रदेशों में जनजीवन कठिनाई में आया है। लोगों की आजीविका और मकान बर्बाद हो गए हैं। फसलें और पशुओं का चारा तक पानी की भेंट चढ़ गया। उन्होंने कहा कि सरकार अपना काम निरंतर कर रही है। ऐसे में सामाजिक संस्थाओं का भी नैतिक दायित्व बनता है कि अपने लोगों की मदद के लिए सामने आएं। नगर पालिका प्रधान ने कहा कि मानवता की सेवा के लिए डेरा नया उदासीन का यह कार्य सराहनीय है। महंत तरणदास ने बताया कि शाहाबाद मारकंडा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गांव कठुआ, कलसाना आदि में यह सामग्री प्रभावित लोगों में वितरित की गई। भारतीय उदासीन महासभा के संरक्षक महंत दीपक प्रकाश ने बताया कि चार ट्रालियों में तूड़ी, साइलेज पशु चारा, सूखा राशन व पका हुआ लंगर डेरा की ओर से वितरित किया गया। इस मौके पर सुरेंद्र ढींगरा, महंत चंद्र प्रकाश, गुरचरण सिंह, दारा सिंह, वीरेंद्र सैनी, बिट्टू, शैंकी कश्यप और रामू सहित कई लोग मौजूद रहे।

## भाजपा 17 से 2 अक्टूबर तक आयोजित करेगी सेवा पखवाड़ा



कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली।

- सेवा पखवाड़ा को लेकर कुरुक्षेत्र में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा 17 सितंबर से प्रदेशभर के सभी जिलों में सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। ये पखवाड़ा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती तक चलेगा। इस पखवाड़े के दौरान 12 विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आज इन कार्यक्रमों के आयोजन और भावी रूपरेखा को लेकर भाजपा के जिला कार्यालय गीता कमल में पार्टी पदाधिकारियों की एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस बैठक में विशेष रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, प्रदेश महामंत्री (संगठन) फणींद्रनाथ शर्मा, जिलाध्यक्ष तेजिंदर सिंह गोल्डी, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, जय भगवान शर्मा डीडी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन धुमन सिंह, चेयरमैन जय पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राज कुमार सैनी, सुशील राणा, रवींद्र सांगवान, जिला महामंत्री रमेश सैनी, अर्जुन त्यागी, जिला उपाध्यक्ष अनु माल्यान, देवी दयाल, सतपाल मास्टर, मीडिया प्रभारी ललित माटा, कार्यालय प्रभारी विजय कंबोज, संजीव सीकरी, ऋषिपाल मथाना मौजूद रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल ने कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाला यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक सेवा, समर्पण और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक बनेगा। 21 सितंबर को मोदी मैराथन जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी।

### फसल अवशेष जलाने को लेकर प्रशासन अलर्ट

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि फसल अवशेष को जलाने से पूर्णत रोकने को लेकर प्रशासन अलर्ट है। जिला स्तर पर 1, ब्लॉक स्तर पर 7, ग्राम स्तर पर 416 उडन दस्ते यानी निगरानी दल गठित किए गए हैं। इतना ही नहीं आवश्यकता पडऩे पर रेड जोन गांवों में अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित की जाएगी। अहम निर्णय है कि उस ग्राम पंचायत को पुरस्कृत किया जाएगा, जहां लाल और पीले क्षेत्र के गांवों में कोई एएफएल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि तत्काल और गहन निगरानी के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर पराली न जलाने का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। फसल अवशेष प्रबंधन की समग्र निगरानी के लिए एसडीएम को अपने क्षेत्राधिकार में नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## भाषण प्रतियोगिता में प्राची रही प्रथम

- रोटरी, रोट्रैक्ट एवं इनरव्हील क्लब ने विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

लाडवा की सामाजिक संस्थाओं रोटरी, रोट्रैक्ट एवं इनरव्हील क्लब ने विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 के लिए जूनियर ग्रुप व कक्षा 9 से 12 सीनियर ग्रुप में कराई गई, जिसमें जूनियर गुरप में अंग्रेजी भाषा में सोशल मीडिया व हिंदी भाषा में आत्मनिर्भर भारत और सीनियर ग्रुप में हिंदी भाषा में शिक्षक द्वारा पिटाई-बुराई या भलाई व अंग्रेजी में आर्टिफिशल इंटेलीजेंस विषय पर अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल चीका के प्रधानाचार्य राजन शर्मा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रो.डा. प्रदीप मित्तल आदि मौजूद रहे।



### बच्चों को स्मृति चिह्न नवाजा

*प्रतियोगिता का शुभारंभ क्लब के पदाधिकारियों व निर्णायक मंडल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में यूनिक शिक्षा निकेतन की प्राची ने प्रथम, संजय गांधी स्कूल की प्राची झा ने द्वितीय, सुगनी देवी स्कूल की श्वेता ने तृतीय व जय हिन्द पब्लिक स्कूल डूड़ी की अमनीत कौर ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किए। जूनियर ग्रुप में यूनिक शिक्षा निकेतन की निकुंज ने प्रथम, ग्लोब हेरिटेज स्कूल के अग्रिम सिंघल ने द्वितीय, सहारा इंटरनेशनल स्कूल की काव्या ने तृतीय तथा किडजी स्कूल की सुखदीप ने प्रोत्साहन पुरस्कार हासिल किए। क्लब के तरफ से बच्चों व निर्णायक मंडल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।*

### जजपा ने डॉ ईश्वर को प्रदेश बनाया उपाध्यक्ष

**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है, जिसमें कुरुक्षेत्र जिले को अहम जिम्मेवारी मिली है। जजपा के जिला प्रवक्ता एडवोकेट शेखर डोगरा ने बताया कि जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला और पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जिला कुरुक्षेत्र के बहुत ही सीनियर वर्कर डॉ ईश्वर सिंह मोर को प्रदेश उपाध्यक्ष और होशियार सिंह किरमिच को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। नवनियुक्त पदाधिकारी डॉ ईश्वर सिंह मोर और होशियार सिंह किरमिच ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला, पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला सहित पार्टी शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया ।

## फीनिक्स क्लब ने 125 शिक्षकों को नवाजा

- पंचायत भवन में गुरु गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

समाजिक संस्था फीनिक्स क्लब द्वारा पंचायत भवन में गुरु गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे 125 शिक्षकों, प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद के वाइस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी डीपी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला कार्यवाह आर.एस.एस. संजय कौशिक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ने की। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का फीनिक्स क्लब के प्रधान डॉ. राजेश वधवा, सचिव अंशुल जसूजा, कोषाध्यक्ष मनोज परूथी, सोनिका वधवा आदि ने स्वागत किया।



### शिक्षक ही राष्ट्र के निर्माता : सुधा

*कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र जिले के 125 से अधिक शिक्षकों, प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निमार्ता हैं। उन्हीं की बदौलत आज समाज के हर क्षेत्र में उनके विद्यार्थी बतौर नेता, अधिकारी, उद्योगपति अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़कर सहयोग करें। विशिष्ट अतिथि धर्मपाल चौधरी डीपी ने सभी शिक्षकों को विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य में अपनी अहम भूमिका निभाने हेतु साधुवाद दिया। मुख्य वक्ता संजय कौशिक ने अपने संबोधन में समाज परिवर्तन में शिक्षक की भूमिका को लेकर विस्तार से प्रकाश डाला।*

## मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली से आज प्रदेश का हर वर्ग खुश : डॉ गणेश

**लाडवा।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डा. गणेश दत्त ने कहा कि हरियाणा के सी.एम. प्रदेश की जनता की मनपसंद सी.एम.बन चुके है। सी.एम.की कार्यप्रणाली से आज प्रदेश का हर वर्ग खुश है। प्रदेश में सबका साथ सबका विकास के तहत कार्य हो रहे है और हर वर्ग को साथ लेकर चल रहे है। डा.गणेश दत्त सोमवार को लाडवा अपने अस्पताल में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का नाम रोशन हुआ हैं। वहीं हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सबका साथ सबका विकास को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। समाज के गरीब तबके का उत्थान और हर वर्ग के जरूरतमंदों का सहयोग करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जब से प्रदेश की बागडोर सम्भाली हैं, उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई जनहितैषी योजनाओं को आगे बढ़ाया है और साथ ही समस्या का समाधाना और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में भी तत्परता दिखाई है। प्रदेश में जिन भी क्षेत्रों में बाढ़ से फसलों को क्षति हुई और जो भी नुक्सान हुआ है मुख्यमंत्री ने स्वयं वहां पहुंचे और हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया और प्रशासन को शीघ्रता से कार्य करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता भी इस आपदा की घड़ी में सहयोग करने के लिए तत्पर हैं।



डा. गणेश दत्त।

## रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : आहुजा

- आगामी रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा आयोजित होने वाले आगामी रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए रोटरी के असिस्टेंट गवर्नर डॉ. एस. एस. आहुजा ने सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा सरदार चनन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के स्टाफ सदस्यों के साथ एक विशेष बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों को रक्तदान के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और उन्हें प्रेरित किया कि वे इस पुण्य कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएँ।



### बच्चों को रक्तदान के प्रति किया प्रोत्साहित

*असिस्टेंट गवर्नर ने आगे कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। यह जीवन बचाने वाला कार्य है, जिसमें केवल कुछ ही मिनट लगते हैं लेकिन किसी जरूरतमंद को नई जिंदगी देने का अवसर मिलता है। उन्होंने यह भी बताया कि समाज के प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति को स्वयं आगे आकर न सिर्फ रक्तदान करना चाहिए बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने स्टाफ सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने विद्यार्थियों को भी रक्तदान के प्रति जागरूक करें ताकि आने वाली पीढ़ी समाज सेवा की इस भावना को और अधिक मजबूत कर सके। इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल एवं रोटरी क्लब शाहाबाद के प्रधान डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने भी अपने विचार रखते हुए सभी को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और हर शिक्षित व्यक्ति का दायित्व है कि वह समाज सेवा में अपनी भूमिका निभाए।*

## होम्योपैथी दवाओं से निकली 10 एमएम तक की पथरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय आयुष पद्धतियों के जरिए लगातार मरीजों को राहत देने में नई मिसाल कायम कर रहा है। हाल ही में यहां दो मरीजों के लिए सफेद रंग की छोटी-छोटी गोलियां उनके लिए चमत्कार साबित हुईं और कुछ ही दिनों में पथरी बाहर निकल आई। कुरुक्षेत्र निवासी मितुल अरोड़ा (45) पिछले पांच वर्षों से गुर्दे की पथरी से परेशान थे। उनके दाएं गुर्दे में 10 एमएम की पथरी थी। लगातार दर्द झेलते हुए उन्होंने कई डॉक्टरों को दिखाया,लेकिन आराम नहीं आया। कुछ डॉक्टरों ने तो सर्जरी कराने की भी सलाह दी थी। इस बीच, मई 2025 में दर्द असहनीय हो गया और अरोड़ा श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के होम्योपैथी क्लीनिक पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी रिपोर्ट डॉ. रिया शर्मा को दिखाई। रिपोर्ट में पथरी का आकार 10 एमएम दर्ज था। डॉ. रिया ने उन्हें होम्योपैथिक औषधियां दीं और नियमित सेवन की सलाह दी।



कुरुक्षेत्र। जानकारी देती डा. रिया शर्मा।

## बाढ़ की स्थिति में स्कूल खोलने पर टैगोर स्कूल को कारण बताओ नोटिस : अभिनव

- जल्द ही अवहेलना के प्रति की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच आईएएस ने कहा कि उपमंडल पिहोवा सहित अन्य आस-पास के क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। इस स्थिति को देखते हुए उपायुक्त कुरुक्षेत्र द्वारा जारी आदेशों में पिहोवा के सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों, कालेजों, आंगनवाड़ी केंद्रों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों को बंद रखने के लिए आदेश दिए गए थे। इन आदेशों की अवहेलना करते हुए सोमवार को टैगोर पब्लिक स्कूल पिहोवा द्वारा स्कूल खोला गया तथा विद्यार्थियों को स्कूल बुलाया गया था, जिससे जिला मैजिस्ट्रेट के आदेशों की सरासर अवहेलना की गई। एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि टैगोर पब्लिक स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। इस नोटिस में टैगोर पब्लिक स्कूल को सचेत किया गया है कि उन्होंने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत जारी वैधानिक आदेशों का गंभीर उल्लंघन किया गया है। उपायुक्त द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थानों को बाढ़ की स्थिति में बंद करने के आदेश जनहित की सुरक्षा के मध्यनजर रखते हुए किए गए हैं ताकि किसी प्रकार का जानी नुकसान न हो सके। टैगोर पब्लिक स्कूल द्वारा न केवल आदेशों की अवहेलना की गई अपितु छात्रों की जान को भी जोखिम में डालने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों की ऐसी मनमानी न केवल छात्रों के जीवन और सुरक्षा को खतरे में डालती है, बल्कि जिला प्रशासन के वैधानिक निदेर्शों के प्रति घोर लापरवाही और गैर अनुपालन को भी दशार्ती है। उन्होंने कहा कि टैगोर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है।

**कार्यक्रम** विष्णु कॉलोनी ट्यूबवैल पार्क में लोगों को बताई भागवत कथा की महिमा

## भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता : शास्त्री

श्राद्ध पितृ पक्ष में श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान से कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्राद्ध पितृ पक्ष में श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में विष्णु कॉलोनी ट्यूबवैल पार्क आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में उपस्थित भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बतलाते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण के अनुसार जो कार्य समाज के लिए किया जाए वह अर्पण है, जो भगवान के लिए किया जाए वह समर्पण है, और जो पितरों के लिए किया जाए वह तर्पण कहलाता है।



### कथा श्रवण करने से धार्मिक आस्था जागृत होती

कथा श्रवण करने मनुष्य में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुगुर्णों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्ना होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्ना होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथावाचक ने कहा कि हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान का लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा के प्रारंभ पर विधिविधान से पूजा करवाई। इस अवसर पर मुख्य यजमान विजय सोही, गुलशन गाबा, पुरुषोत्तम गुप्ता, वीरेंद्र गिरधर, लालचंद शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, राजेन्द्र मित्तल पूर्व सरपंच, पिंकी गाबा पूर्व पार्षद, लीला देवी, छाया शर्मा उपस्थित रहे।

# टांगरी नदी के बहाव से लोग खौफजदा, पांच दिन भी पानी निकासी न होने से गुस्साए लोग

## लागों ने हाइवे पर लगाया जाम एक दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों में बुरे हालात

*इंडस्ट्रियल एरिया समेत कई कॉलोनियों में अभी तक चार फुट पानी जमा, 600 से ज्यादा परिवार बेहद मुसीबत में*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

टांगरी नदी के बहाव से अभी भी पास बसी रिहायशी कॉलोनियों के लोग बेहद खौफजदा है। अभी तक इन कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति है। प्रशासन की ओर से पानी निकासी की ठोस कार्रवाई नहीं शुरू हो पाई है। खासकर इंडस्ट्रियल एरिया, सोनिया कॉलोनी और विकासपुरी कॉलोनी में अभी भी 3 से 4 फुट तक पानी भरा हुआ है। इसी वजह से रविवार देर रात को गुस्साए लोगों ने अंबाला-नेशनल हाइवे जाम कर दिया। जाम की वजह से हाइवे पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। मुश्किल से लोगों को शांत कर जाम खुलवाया गया। दरअसल पिछले दस दिनों में टांगरी नदी दो बार अपना रौद्र रुप दिखा है।

टांगरी के साथ-साथ मारकंडा, बेगना, रूण, घग्गर, ओमला और अमरी जैसी छोटी नदियां भी इस बार उफान पर रहीं। सबसे ज्यादा परेशानी टांगरी नदी से हो रही है। टांगरी नदी के आसपास बसी एक दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों के लोग बेहद डरे हुए हैं। जलभराव की वजह से लोगों को पलायन करना पड़ा। शाहपुर इलाके में टांगरी का बांध भी टूट गया था। कई साल बाद ऐसा हुआ कि टांगरी का पानी ओवरफ्लो होकर नेशनल हाईवे-344 तक पहुंच गया।

टांगरी नदी के पानी से सबसे ज्यादा नुकसान इंडस्ट्रियल एरिया को हुआ है। यहां अभी तक 3 से 4 फीट तक पानी भरा हुआ है। 65 एकड़ में फैले इंडस्ट्रियल एरिया में सभी औद्योगिक इकाइयां डूबी हैं। प्रशासन द्वारा पंप लगाए गए हैं लेकिन उनसे राहत नहीं मिल पाई है। इंडस्ट्रियल एरिया में प्रशासन द्वारा 5 बड़े पंप लगाए गए हैं। विकास पुरी और सोनिया कॉलोनी में 3 पंप लगाए गए हैं। पानी नेचुरल फ्लो से भी निकल रहा है।



अंबाला। हाइवे पर जाम के दौरान जमा लोग।

### बीच सड़क पर खड़ा किया ट्रैक्टर

पानी निकासी न होने से परेशान कैंट के विकासपुरी कॉलोनी के लोगों ने रविवार देर रात ट्रैक्टर हाइवे पर खड़ा कर अंबाला-यमुनानगर नेशनल हाइवे को जाम कर दिया। गुस्साए लोगों का आरोप है कि उनकी कॉलोनी में 5 दिन से 3 से 4 फुट तक पानी भरा है। अभी तक प्रशासन की ओर से पानी निकासी को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जाम की सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन, लोगों के आगे पुलिस की एक न चल सकी। जाम की सूचना पर खुद भाजपा जिलाध्यक्ष मंदीप भी मौके पर पहुंचे। उनके समझाने के बाद लोगों ने जाम खोला। रास्ता जाम होने के कारण तकरीबन 3 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। लोगों ने हाइवे पर करीब एक घंटे तक प्रदर्शन किया। मंदीप राणा के आश्वासन के बाद लोगों ने रास्ते से ट्रॉली आदि हटा कर जाम खोला। नगर परिषद सदस्य सतीश धीमान ने बताया कि टांगरी नदी में आए सैलाब के कारण बुधवार रात विकासपुरी में 5 फुट तक पानी भर गया था। कॉलोनी से रहने वाले करीब 600 परिवार तभी से बेघर हैं। जो इधर-उधर आश्रय ले रहे हैं। ये लोग अभी भी अपने घरों से बाहर नहीं आए। वो बिजली और पानी न होने से परेशान हैं। उन्हें ट्रैक्टर के माध्यम से जरूरत का सामान पहुंचाया जा रहा है।

### पानी निकासी के लिए पूरी ताकत से जुटें अधिकारी

अंबाला। उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से कल अंबाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया से पानी निकासी को लेकर उद्योगपतियों ने मुलाकात की थी। मंत्री के निर्देशों के बाद प्रशासन द्वारा जोर-शोर से शाम को पानी निकासी का काम प्रारंभ कर दिया गया था। मगर कुछ लोगों द्वारा बाधा डाले जाने के कारण पानी निकासी के पाइपों को तोड़ दिया गया था व अन्य सामान को भी नुक्सान पहुंचाया गया था जिस वजह से काम को रोकना पड़ा था। विज ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सर्कुलर जारी कर जिले के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों की बैठक दोपहर 12:00 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बुलाई। उपायुक्त अजय तोमर के अलावा पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत तथा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने अब तक कहां-कहां अत्याधिक पानी आने से जलभराव है उसकी जानकारी अधिकारियों से ली। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया से पहले की जा रही पानी निकासी को कुछ तत्वों द्वारा रूकवा दिया गया था। विज ने अधिकारियों से कहा कि पानी निकालने के लिए वह पूरी ताकत के साथ जुट जाएं। इस दौरान इंडस्ट्रियल एरिया से पानी निकासी की योजना तैयार की। पानी निकासी के लिए मौके पर अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारियां दी गई। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने मंत्री अनिल विज को बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया के सामने सड़क पर जो पानी है उसे निकालने का काम किया जा रहा है। जल्द ही पानी को निकाल दिया जाएगा। इस दौरान एसडीएम विनेश कुमार, जीएम रोडवेज अश्विनी डोगरा, अधीक्षक अभियंता मनीष शर्मा, अधीक्षक अभियंता हरपाल सिंह, अधीक्षक अभियंता अरविंद रोहिल्ला, अधीक्षक अभियंता विनय बरनवाल, कार्यकारी अभियंता रितेश गोयल, कार्यकारी अभियंता बलदेव सिंह, कार्यकारी अभियंता हरबंस सिंह, ईओ नगर परिषद देवेंद्र नरवाल, कार्यकारी अभियंता कृष्ण कुमार, कार्यकारी अभियंता संदीप कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपायुक्त ललता प्रसाद सहित भाजपा पदाधिकारी रवि बुद्धिराजा, विकास बहगल, प्रवेश शर्मा, विजेंद्र चौहान, हर्ष बिंद्रा, संजीव सोनी, आशीष अग्रवाल, बीएस बिंद्रा भी मौजूद रहे।



अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते मंत्री अनिल विज।

### पानी निकासी के लिए डाली जा रही पाइपलाइन का विज ने किया मुआयना

अंबाला। मंत्री अनिल विज ने प्रशासनिक अधिकारियों को इंडस्ट्रियल एरिया से पानी निकासी के लिए भूमिगत पाइप लाइन डालने के निर्देश दिए थे ताकि मार्ग प्रभावित न हो। उनके निर्देशों के बाद विभिन्न विभागों ने कॉलोनियों के मार्गों पर तुरंत प्रभाव से कार्य करते हुए भूमिगत पाइप लाइन निकाली जिससे पानी निकासी ठीक से हो सके। लोगों को अपने वाहनों पर आने-जाने के लिए कोई दिक्कत भी न झेलनी पड़े। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने देर शाम इंडस्ट्रियल एरिया में पहुंच पानी निकासी प्रबंधों का जायजा लिया। अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। शाम तक भूमिगत पाइप विभाग द्वारा डाले गए जिससे पानी निकासी हुई।



अंबाला। पाइपलाइन का जायजा लेते मंत्री अनिल विज।

## खबर संक्षेप

### नशीले कैप्सूल तस्करी में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में दर्ज नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने संलिप्त तीसरे आरोपी सचिन मिश्रा को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। मामले में संलिप्त दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एएनसी के निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि 3 सितंबर 2025 को पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। तलाशी लेने पर उससे 552 नशीले कैप्सूल बरामद किए थे।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी नीरज को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता अनिल कुमार ने 5 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 सितंबर 2025 को आरोपी नीरज ने एनबीसी कॉलोनी में स्थित क्वार्टर का ताला तोड़कर पानी के नल चोरी कर लिए हैं।

### गाड़ी छीनने के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी हर्ष को गिरफ्तार किया है। परिवादी अमित कुमार ने 4 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 जुलाई 2025 को जग्गी सिटी सैंटर के पास से आरोपी हर्ष व अन्य आरोपियों ने उससे मारपीट करके उसकी गाड़ी छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# बाढ़ पीड़ितों के आंसुओं में भीग गई संवेदनाएं

- विधायक निर्मल सिंह व कांग्रेस अध्यक्ष पवन अग्रवाल बोले, कांग्रेस हर हाल में किसानों व ग्रामीणों के साथ खड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित गांव जोधपुर,जंधेड़ी और बालापुर का दौरा कर ग्रामीणों के दर्द को नज़दीक से महसूस किया। उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी अंबाला शहरी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल डिंपी और कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता व नेता भी मौजूद रहे। तीनों गांवों व आस पास के इलाकों में भारी जलभराव और टूटी हुई घग्गर व सील नहरों की बांधों को देखकर दोनों नेताओं की आंखें भीग गईं।

खेतों में खड़ी फसलें बह चुकी थीं, घरों में कीचड़ और मलबा भरा था, लोग अपने पशुओं और बच्चों को बचाने के लिए जूझ रहे थे। पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं बल्कि शासन-प्रशासन की लापरवाही की भी त्रासदी है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल ने इन गांवों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। प्रशासन न तो समय पर राहत लेकर पहुंचा और न ही किसी ने इन परिवारों का हाल पूछा।



अंबाला। ट्रेक्टर पर सवार होकर बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा करते विधायक निर्मल सिंह व अन्य।

### कांग्रेस पीड़ितों के साथ

पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने प्रशासन को तुरंत राहत शिविर लगाने, मुआवजे की प्रक्रिया तेज करने और टूटे बांधों की मरम्मत युद्धस्तर पर करने के आदेश देने की अपील की। शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने भी ग्रामीणों के दुख को अपना दुख बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इन पीड़ितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर राहत कार्यों में जुटे हैं। पार्टी उच्च नेतृत्व तक इस आपदा की सच्ची तस्वीर पहुंचा रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि बर्बाद फसलों का पूरा मुआवजा दिया जाए, ग्रामीणों के घरों की मरम्मत के लिए विशेष पैकेज बनाया जाए और पशु हानि का भी मुआवजा सुनिश्चित किया जाए।

# बाढ़ राहत कार्यों के लिए सैनी सर्कल सभा सीएम को देगी 2.51 लाख की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सैनी सर्कल सभा की मासिक बैठक का आयोजन सभा के सेक्रेटरी बलबीर सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पहुंचे सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी का सभा के उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने भव्य अभिनंदन करते हुए उनका स्वागत किया।

इस दौरान प्रधान देवेंद्र सैनी ने समाजहित के विभिन्न मुद्दो पर विशेष चर्चा की एवं उपस्थित सभागार के सदस्यों से सुझाव भी मांगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रदेश के कुछ जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। जिससे काफी नुकसान होने की संभावनाएं बन चुकी है। इसके लिए समाज के सभी लोगों को मदद के लिए सामने आने की जरूरत है। इसी कड़ी में देवेंद्र सैनी ने अंबाला सैनी सर्कल सभा की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री को 2 लाख 51 हजार रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा की गई। बैठक में सैनी हाई स्कूल को लेकर भी विशेष चर्चा की गई जहां स्कूल प्रबंधक कमेटी सदस्यों ने सैनी हाई स्कूल में बच्चों की संख्या में हुई बढ़ोतरी को मध्यनजर रखते हुए स्कूल में कुछ कक्षा रूम बनाने का सुझाव दिया। इस पर सभा के देवेंद्र सैनी ने उपस्थित सभागार से सहमति लेते हुए स्कूल में 2 कमरे बनाने की घोषणा कर दी है ताकि स्कूल के बच्चों को खुले महौल में शिक्षा प्रदान की जा सके।



अंबाला। बैठक में सदस्यों को संबोधितकरते प्रधान देवेंद्र सैनी।

# सेवा, समर्पण व सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक बनेगा सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्म दिन को भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। उन्होंने कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाला सेवा पखवाड़ा सेवा, समर्पण और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प है। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ता मोदी और नायब सरकार की योजनाओं को जन-जन से जोड़ने का माध्यम बनेंगे। ये बातें श्री बड़ौली ने अंबाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा भी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष मनदीप राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली सेवा पखवाड़ा के दौरान चलाए जाने वाले दर्जनभर कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, फल वितरण, प्रधानमंत्री के जीवन पर प्रदर्शनी, प्रबुद्ध सम्मेलन, नमो मैराथन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर संगोष्ठी, जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि भाजपा द्वारा सभी जिलों में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाए जायेंगे।

# थाने के बाहर डटे किसान, एसएचओ को मांगनी पड़ी माफी, धरना समाप्त

## सीएम से मुलाकात के दौरान किसान नेता ने एसएचओ पर लगाया था धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप

- कार्रवाई को लेकर थाने के बाहर जमा हुए थे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नग्गल गांव में रविवार को मुख्यमंत्री से मिलने के दौरान एसएचओ सुनीता पर धार्मिक भावनाएं आहत करने को लेकर किसानों ने नग्गल थाने का घेराव किया है। किसान सुबह 10 बजे थाने के बाहर पहुंच गए। किसानों ने महिला पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग की। बता दें कि रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नग्गल क्षेत्र में बरसाती जलभराव को लेकर निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। उस दौरान पुलिस ने किसानों को रोकने का प्रयास किया था लेकिन किसान मुख्यमंत्री से मिलने पर अड़ गए थे। उस दौरान किसान नेता जय सिंह जलबेहड़ा ने आरोप लगाया था कि महिला अधिकारी ने उसके गले में पड़ी धार्मिक कृपाण को खींचकर नीचे गिरा दिया है। साथ ही उसके कपड़े भी फाड़ दिए। जय सिंह का आरोप था कि महिला अधिकारी ने उसकी धार्मिक भावनाएं आहत की हैं साथ ही उसके दुर्व्यवहार किया है। किसानों ने महिला अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के साथ उसका ट्रांसफर पलवल करने की मांग की थी। किसानों ने नग्गल थाने में शिकायत भी दी थी। सुबह थाने के घेराव के दौरान भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी, जिला प्रधान गुरमीत सिंह माजरी, जय सिंह जलबेड़ा, कुलदीप मोहड़ी सहित अन्य नेता मौजूद रहे। किसान नेताओं का कहना है कि जब तक महिला अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया जाएगा तब तक वे नग्गल थाने से नहीं हटेंगे। उन्होंने मामले की शिकायत श्री अकाल तख्त साहिब में देने की भी बात कही थी। हालांकि किसान नेताओं के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए महिला थाना एसएचओ सुनीता ढाका ने कहा कि उनकी ड्यूटी लाइन से लगाई गई थी। वह नग्गल के पास रविवार को महिला पुलिस कर्मचारियों के साथ ड्यूटी दे रही थीं।



अंबाला। नग्गल थाने के बाहर जमा किसान व माफी मांगती एसएचओ सुनीता ढाका।

### एसएचओ ने माफी मांगी

थाने के बाहर बढ़े तनाव के बाद डीएसपी विजय कुमार खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से बातचीत की। इसके बाद डीएसपी के आदेश पर एसएचओ सुनीता ढाका ने किसानों के सामने अपनी गलती की माफी मांगी। उन्होंने कहा कि वे गुरु ग्रंथ साहिब को साक्षी मानकर वे अपनी गलती पर माफी मांगती है। इसके बाद सभी किसान राजी हो गए। जो बोले सो निहाल के नारों के साथ ही किसानों ने थाने का घेराव निरस्त कर दिया।

# दिलीप ट्रॉफी के लिए अनुज चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

प्रतिभाशाली खिलाड़ी अनुज ठकराल ने अपनी मेहनत और शानदार खेल कौशल के दम पर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अनुज का चयन प्रतिष्ठित दिलीप ट्रॉफी के लिए किया गया है। अनुज के चयन की खबर से उनके परिवार, प्रशिक्षकों और साथी खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। इससे पहले अनुज विजय हजारे ट्रॉफी और रणजी ट्रॉफी में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। कोच हरजोत सिंह ने अनुज की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि "यह उपलब्धि अनुज की कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। अनुज जैसे खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं।" अनुज के चयन से हरियाणा की क्रिकेट टीम को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी और आने वाले मैचों में उनके प्रदर्शन से टीम को लाभ होगा।



बराड़ा। अनुज को जीत की बधाई देते हुए उनके कोच।

## ग्रामीणों में जश्न, सीएम की पत्नी सुमन ने सेना अधिकारी का किया अभिनंदन

# मुख्यमंत्री के भतीजे अनुष सैनी बने सेना में लेफ्टिनेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के भतीजे लेफ्टिनेंट अनुष सैनी सोमवार को अपने गांव मिर्जापुर माजरा पहुंचे। ट्रेनिंग पूर्ण कर गांव आने पर सबसे पहले उन्होंने दादा खेड़ा पर माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी, नंबरदार सुरेश पाल सैनी, भगत रघुवीर सैनी, चंदन सैनी, गौरव सैनी, हनीश सैनी, विकास सैनी, मास्टर केहर सिंह, नैब सैनी रज्जू माजरा, सरदार बलविंदर सिंह, मास्टर बलजीत सैनी, सरदार गुरपाल, प्रेम सैनी बड़ी बस्सी सहित ग्रामवासी मौजूद रहे। सभी ने फूल मालाओं और गुलदस्तों के साथ लेफ्टिनेंट अनुष सैनी का गर्मजोशी से स्वागत किया। लेफ्टिनेंट अनुष सैनी को सेना में ईएमई सर्विस कोर में तैनाती मिली है। वह इन दिनों अवकाश पर गांव आए हैं। उनका परिवार सैनिक परंपरा से जुड़ा है। उनके पिता शीशपाल सैनी सेना से सेवानिवृत हैं। लेफ्टिनेंट अनुष सैनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता शीशपाल सैनी व माता नरेंद्र कौर को दिया और कहा कि उनके आशीर्वाद से ही वह इस मुकाम तक पहुंचे हैं।

अनुष सैनी ने अपने दादा तेजाराम सैनी तथा मुख्यमंत्री की माता एवं दादी कुलवंत कौर से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। बता दे कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पिता स्वर्गीय तेलूराम सैनी ने भी सेना में रहकर देश की सेवा की थी। स्वर्गीय तेलूराम सैनी के बड़े भाई तेजा राम सैनी के पौत्र है लेफ्टिनेंट अनुष सैनी। हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि पूरे गांव के लिए गर्व का क्षण है कि हमारे परिवार का बेटा लेफ्टिनेंट बनकर सेना में गया है। यह सिर्फ परिवार ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है। युवा पीढ़ी को लेफ्टिनेंट अनुष सैनी जैसे युवाओं से प्रेरणा लेकर देश सेवा का संकल्प लेना चाहिए।

लेफ्टिनेंट अनुष सैनी के बड़े भाई अंकित सैनी ने बताया कि अनुष सैनी की बचपन से ही देश सेवा करने की इच्छा रही है और वह हमेशा अधिकारी बनकर देश की सेवा करने के जज्बे के साथ आगे बढ़े हैं।



शहजादपुर। लेफ्टिनेंट अनुष सैनी का अभिनंदन करती सुमन सैनी व अन्य।